**SET-1**

**Series D3BCA/1**

**प्रश्न–पत्र कोड 3/1/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **17** प्रश्न हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :***

*(i)* *इस प्रश्न–पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *इस प्रश्न–पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड– 'अ'** और **खंड– 'ब'**। **खंड– 'अ'** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और **खंड– 'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।*

*(iii)* ***खंड– 'अ'** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **44** है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए **40** उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(iv)* ***खंड– 'ब'** में कुल 7 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।*

*(vi)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

## खंड 'अ' (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

भारत एक विशाल देश है। यहाँ के विभिन्न राज्यों की अपनी क्षेत्रीय भाषाएँ हैं। स्वतंत्रता के पश्चात से मातृभाषा को प्रोत्साहित करने की बातें चर्चा में रही हैं। परंतु इनके विकास के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। इसके कारण प्रत्येक क्षेत्र में विदेशी भाषा अंग्रेजी का वर्चस्व स्थापित हो गया। नेल्सन मंडेला ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया अपनी मातृभाषा में होती है। अगर किसी व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में बात करें तो वह बात दिल तक पहुँचती है।

यह सर्वविदित है कि मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत सहज एवं सुगम होता है। अपनी मातृभाषा में विद्यार्थी किसी भी विषय को सरलता से समझ लेता है जबकि अन्य भाषाओं में उसे कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विश्वभर के शिक्षाविदों ने मातृभाषा में शिक्षा प्रदान किए जाने को महत्त्व दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार अपनी मातृभाषा में चिकित्सा की पढ़ाई करवाने वाले देशों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति अन्य देशों की तुलना में अच्छी है। चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और जापान सहित अनेक देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। सर्वविदित है कि ये देश लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी हैं। इन देशों ने अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करके ही उन्नति प्राप्त की है। यदि स्वतंत्रता के पश्चात भारत में भी मातृभाषा में चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती तो हम आज विश्व में और अधिक बेहतर स्थिति में होते। वर्तमान में इस दिशा में ठोस और क्रांतिकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

**(i)** किसी भी देश के आधारभूत विकास के लिए आवश्यक है :

(A) तकनीकी शिक्षा का विस्तार होना

(B) चिकित्सीय शिक्षा का विस्तार होना

(C) किसी भी भाषा में शिक्षा देना

(D) मातृभाषा में शिक्षा का विस्तार होना

**(ii)** स्वास्थ्य और चिकित्सा की दृष्टि से कौन-से देश अच्छी स्थिति में हैं?

(A) मातृभाषा में चिकित्सीय शिक्षा देने वाले देश

(B) अपनी राष्ट्रभाषा को मातृभाषा बनाने वाले देश

(C) राष्ट्रभाषा और मातृभाषा को समान मानने वाले देश

(D) अंग्रेजी भाषा से दूरी बनाने वाले देश

**(iii)** भारत में क्षेत्रीय भाषाओं के अपेक्षाकृत कम विकसित होने के क्या कारण हैं?

(A) हिंदी भाषा का वर्चस्व

(B) अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व

(C) उपयुक्त प्रयासों का अभाव

(D) स्थानीय इच्छाशक्ति का अभाव

**(iv)** 'मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना आसान होता है।' इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन–सा /कौन–से तर्क सही है/हैं?

1. मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना सरल है।
2. मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना जटिल है।
3. मातृभाषा अन्य भाषाओं से सरल–स्वरूप होती है।
4. मातृभाषा और दूसरी भाषाओं में कोई अंतर नहीं है।

**विकल्प** :

(A) 1 सही है।

(B) 3 सही है।

(C) 1 और 2 सही हैं।

(D) 1 और 4 सही हैं।

**(v)** **कथन** और **कारण** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन** – भारत में शिक्षा के माध्यम में बदलाव वर्तमान की आवश्यकता है।

**कारण** – शिक्षा के माध्यम के प्रति दृष्टिकोण समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है।

(A) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(D) कथन सही है किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

सच से हट कर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झर कर कुसुम।
जो लक्ष्य भूल रुका नहीं, जो हार देख झुका नहीं।
जिसने प्रणय पाथेय माना, जीत उसकी ही रही।

सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही।
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।
जो है जहाँ चुपचाप, अपने-आप से लड़ता रहे।
जो भी परिस्थितियाँ मिलें, काँटे चुभें कलियाँ खिलें।
हारे नहीं इंसान, है संदेश जीवन का यही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही।
हमने रचा आओ हमीं अब तोड़ दें इस प्यार को।
वह क्या मिलन, मिलना वही जो मोड़ दे मँझधार को।

**(i)** 'अपने-आप से' लड़ने का क्या अभिप्राय है?

(A) अपने भीतर उठे अंतर्द्वंद्व से लड़ना

(B) अपने भीतर की कमजोरियों से लड़ना

(C) अपनी शारीरिक कमजोरियों से लड़ना

(D) अपनी मानसिक व्याधियों से लड़ना

**(ii)** 'जो नत हुआ वह मृत हुआ' क्यों कहा गया है?

(A) झुकना घमंड का परिचायक है।

(B) झुकना विनम्रता का परिचायक है।

(C) झुकने वाला मृतक के समान है।

(D) स्वाभिमान रहित जीवन मृतक के समान है।

**(iii)** काव्यांश का संदेश है :

(A) हर प्रकार की परिस्थिति से समझौता कर स्वयं को ढालने का।

(B) जीत की संभावना वाले मार्ग पर ही आगे बढ़ने का।

(C) कैसी भी कठिन परिस्थिति हो उससे हार न मानने का।

(D) हार की संभावना होने पर नवीन लक्ष्य के निर्माण का।

**(iv)** 'काँटे' और 'कलियाँ' किसके प्रतीक हैं?

(A) सुख और दुख के।

(B) दुख और सुख के।

(C) समृद्धि और उत्कर्ष के।

(D) निर्माण और पतन के।

**(v)** **कथन** और **कारण** पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन** – मानव मात्र का जीवन संघर्षपूर्ण है।

**कारण** – मानव मात्र को अपने जीवन की सम–विषम हर तरह की परिस्थितियों का डटकर सामना करना चाहिए।

(A) कथन गलत है और कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

**(i)** 'जब बाबू जी रामायण का पाठ करते तब हम उनकी बगल में बैठे रहते।' – इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा :

(A) बाबूजी रामायण का पाठ करते और हम उनकी बगल में बैठे रहते।

(B) जिस समय बाबूजी रामायण का पाठ करते उस समय हम उनकी बगल में बैठे रहते।

(C) बाबूजी के रामायण का पाठ करते समय हम उनकी बगल में बैठे रहते।

(D) जब बाबूजी द्वारा रामायण का पाठ किया जाता तब हम भी साथ ही बैठे रहते।

**(ii)** 'माँ थाली में दही–भात सानती और बनावटी नाम से कौर बनाकर खिलाती जाती।'– इसे सरल वाक्य में बदला जाए तो वाक्य होगा :

(A) माँ जब भी थाली में दही–भात सानती तब बनावटी नाम से कौर बनाकर खिलाती जाती।

(B) माँ थाली में दाल–भात सानती और छोटे–छोटे कौर बनाकर मुझे खिलाती जाती।

(C) माँ थाली में दही–भात सानकर बनावटी नाम से कौर बनाकर खिलाती जाती।

(D) माँ थाली में अपने लिए दही–भात सानती पर कौर बनाकर मुझे खिला देती।

**(iii)** निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए:

1. जब दुलारी ने केश बाँध लिए तब उसने खिड़की खोल दी।
2. उसने सिर का पसीना सुखाया और वहीं खड़ी हो गई।
3. टुन्नू जब दरवाज़े पर खड़ा था तब उसके पास एक पोटली थी।
4. उसकी गृहस्थी बड़ी कठिनाई से चल रही थी फिर भी उसे चिंता नहीं थी।

**विकल्प :**

(A) 1, 2 और 3
(B) 2, 3 और 4
(C) 2 और 4
(D) 1 और 3

**(iv)** निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य का उदाहरण है :

(A) उसने बंडल निकाला और उसे पकड़ा दिया।
(B) वहाँ जल-संचय का उचित प्रबंध है।
(C) तुम जाओ, मैं कल ही लौट जाऊँगा।
(D) जब बर्फ़ गिरती है तब मुश्किल होती है।

**(v)** **स्तंभ 1** को **स्तंभ 2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

| **स्तंभ 1** | **स्तंभ 2** |
|---|---|
| 1. मूर्ति के आसपास का तालाब सुखाकर साफ़ किया गया। | I. मिश्र वाक्य |
| 2. उसकी रवाब निकाली गई और ताज़ा पानी डाला गया। | II. संयुक्त वाक्य |
| 3. जब बात हुक्कामों तक पहुँची तब बड़ी खलबली मची। | III. सरल वाक्य |

**विकल्प :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | I | 2 | II | 3 | III |
| (B) | 1 | III | 2 | II | 3 | I |
| (C) | 1 | II | 2 | III | 3 | I |
| (D) | 1 | III | 2 | I | 3 | II |

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

**(i)** 'लेखक ने अपने तर्कों से उनकी दलीलों का खंडन किया।' – वाक्य में वाच्य है :

(A) कर्मवाच्य
(B) भाववाच्य
(C) कर्तृवाच्य
(D) क्रियावाच्य

**(ii)** 'संगतकार द्वारा मुख्य गायक का उत्साह बढ़ाया गया।' प्रस्तुत वाक्य का वाच्य पहचानिए:

(A) कर्तृवाच्य

(B) अकर्मवाच्य

(C) कर्मवाच्य

(D) भाववाच्य

**(iii)** 'कवि ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया है।' इसका कर्मवाच्य होगा :

(A) कवि श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन करते हैं।

(B) कवि द्वारा श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया गया है।

(C) कवि श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कर पाते हैं।

(D) कवि ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन किया था।

**(iv)** निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण है/हैं :

1. प्रधानाचार्य द्वारा निर्देश जारी किया गया।
2. उसकी दादी से खड़ा नहीं रहा जाता।
3. सज्जन अपने से बड़ों की सेवा करते हैं।
4. खिलाड़ी से अब दौड़ा नहीं जाता।

**विकल्प :**

(A) 1, 3 और 4

(B) 2 और 4

(C) 1 और 3

(D) 3 और 4

**(v)** **स्तंभ 1** को **स्तंभ 2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कर लिखिए :

| **स्तंभ 1** | **स्तंभ 2** |
|---|---|
| 1. घायल पक्षी से उड़ा नहीं जा सका। | I. कर्तृवाच्य |
| 2. कवि बादल में क्रांति का स्वर सुनता है। | II. कर्मवाच्य |
| 3. उससे वह गीत नहीं गाया गया। | III. भाववाच्य |

**विकल्प :**

(A) 1 II    2 III    3 I

(B) 1 III    2 II    3 I

(C) 1 III    2 I    3 II

(D) 1 I    2 II    3 III

**5.** निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

**(i)** '<u>शीला जी</u> ने साहित्य का दायरा ही बढ़ा दिया।' – वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है :

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्ता' कारक

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्म' कारक

(C) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्ता' कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'करण' कारक

**(ii)** 'लेखक ने <u>उस</u> घटना को पूरी ईमानदारी से लिखा।' रेखांकित पद का परिचय होगा :

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्म' कारक

(B) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य – 'घटना'

(C) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य – 'घटना'

(D) पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, 'कर्म' कारक

**(iii)** निम्नलिखित में से किस वाक्य में स्थानवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है?

(A) एक चिड़िया हमारी खिड़की पर डरी-डरी बैठी थी।

(B) पापा की आवाज़ सुनकर मैं बाहर निकल गया।

(C) यह खेल तो खुले में ही खेला जा सकता है।

(D) उस ड्राइवर ने अचानक ज़ोर से ब्रेक लगाई।

**(iv)** 'कस्बे की नगरपालिका <u>प्रतिवर्ष</u> कुछ नया करती थी।' रेखांकित पद का परिचय है :

(A) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'नया करना' क्रिया की विशेषता।

(B) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'करना' क्रिया की विशेषता।

(C) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

**(v)** 'बचपन में <u>मैं</u> दुबली-पतली और साँवली थी।' रेखांकित पद का परिचय है :

(A) मध्यमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

(B) अन्यपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

(C) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, 'दुबली-पतली' विशेष्य।

(D) उत्तम पुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4×1=4**

**(i)** 'पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सों पग धोए।' इस काव्य-पंक्ति में अलंकार है:

(A) उत्प्रेक्षा

(B) श्लेष

(C) यमक

(D) अतिशयोक्ति

**(ii)** 'धीरे-धीरे उतर क्षितिज से आ बसंती रजनी' – इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है :

(A) मानवीकरण

(B) श्लेष

(C) उत्प्रेक्षा

(D) अतिशयोक्ति

**(iii)** 'विद्या धन उद्यम बिना कहौ जु पावै कौन।
बिना डुलाए ना मिले ज्यों पंखा की पौन।।'
इन काव्य-पंक्तियों में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है?

(A) यमक

(B) श्लेष

(C) मानवीकरण

(D) उत्प्रेक्षा

**(iv)** 'मृदु मिट्टी के हैं बने हुए
मधु घट फूटा ही करते हैं।'
इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है :

(A) मानवीकरण

(B) श्लेष

(C) उत्प्रेक्षा

(D) यमक

**(v)** निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में से कौन-सी पंक्ति अतिशयोक्ति अलंकार का उदाहरण है?

(A) विश्व शलभ सिर धुन कहता मैं,
हाय न जल पाया तुझमें मिल।

(B) अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे।

(C) वह दौड़ रहा अरि मस्तक पर,
वह आसमान का घोड़ा था।

(D) ज्यौं-ज्यौं बूड़े स्याम रंग,
त्यौं-त्यौं उज्जलु होई।

**7.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा।।
सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने।।
बहु धनुही तोरी लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं।।
येहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू।।

रे नृपबालक कालबस बोलत तोहि न सँभार।
धनुही सम त्रिपुरारिधनु बिदित सकल संसार।।

**(i)** 'नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा'- पंक्ति के संदर्भ में राम के चरित्र की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है?

(A) संयम
(B) सरलता
(C) विनम्रता
(D) वीरता

(ii) परशुराम ने शिव धनुष तोड़ने वाले को क्या चेतावनी दी?

(A) सहस्रबाहु के समान उसे अपना शत्रु समझने की

(B) राजा जनक की सभा से बाहर निकल आने की

(C) राजा जनक की सभा में उसे मार डालने की

(D) उसके साथ आजीवन शत्रुतापूर्ण व्यवहार करने की

(iii) 'न त मारे जैहहिं सब राजा' – यह कथन परशुराम के ——— उदाहरण है।

(A) शौर्य का

(B) अहंकार का

(C) क्रोध का

(D) गौरव का

(iv) सेवक किसे कहा गया है?

(A) मधुर वचन बोलने वाले को

(B) सेवा करने वाले को

(C) कभी क्रोध न करने वाले को

(D) विनम्रतापूर्ण व्यवहार करने वाले को

(v) परशुराम की धनुष पर ममता होने का क्या कारण था?

(A) उनके आराध्य शिव का धनुष होना

(B) उनके गुरु विश्वामित्र का धनुष होना

(C) अपने पिता का आशीर्वाद समझना

(D) धनुष का अत्यंत प्राचीन होना

**8.** पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **2×1=2**

(i) संगतकार मुख्य गायक का साथ क्यों देता है? अनुपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए :

(A) उसके समान ही अपनी पहचान बनाने के लिए।

(B) प्रदर्शन के दौरान उसका उत्साह बढ़ाने के लिए।

(C) उसके प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए।

(D) उसके स्वर को सहारा देने के लिए।

**(ii)** 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चे द्वारा पिता को एकटक देखे जाने का क्या कारण था?

(A) ऐसे एकटक देखना उसका स्वभाव था।

(B) उसे पलकें झपकाना नहीं आता था।

(C) वह उन्हें पहचानने की कोशिश कर रहा था।

(D) वह उनकी उपेक्षा करने का प्रयास कर रहा था।

**9.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5×1=5**

आज़ाद हिंद फ़ौज के मुकदमे का सिलसिला था। सभी कॉलेजों, स्कूलों, दुकानों के लिए हड़ताल का आह्वान था। जो-जो नहीं कर रहे थे, छात्रों का एक बहुत बड़ा समूह वहाँ जा-जाकर हड़ताल करवा रहा था। शाम को अजमेर का पूरा विद्यार्थी-वर्ग चौपड़ (मुख्य बाज़ार का चौराहा) पर इकट्ठा हुआ और फिर हुई भाषणबाज़ी। इस बीच पिताजी के एक निहायत दकियानूसी मित्र ने घर आकर अच्छी तरह पिताजी की लू उतारी, ''अरे! उस मन्नू की तो मत मारी गई है पर भंडारी जी आपको क्या हुआ? ठीक है, आपने लड़कियों को आज़ादी दी, पर देखते आप, जाने कैसे-कैसे उलटे-सीधे लड़कों के साथ हड़तालें करवाती, हुड़दंग मचाती फिर रही है वह। हमारे-आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब? कोई मान-मर्यादा, इज़्ज़त-आबरू का खयाल भी रह गया है आपको या नहीं?'' वे तो आग लगाकर चले गए और पिताजी सारे दिन भभकते रहे, ''बस, अब यही रह गया है कि लोग घर आकर थू-थू करके चले जाएँ। बंद करो अब इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।''

इस सबसे बेखबर मैं रात होने पर घर लौटी तो पिताजी के एक बेहद अंतरंग और अभिन्न मित्र ही नहीं, अजमेर के सबसे प्रतिष्ठित और सम्मानित डॉ. अंबालाल जी बैठे थे। मुझे देखते ही उन्होंने बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया।

**(i)** ''बंद करो अब इस मन्नू का घर से निकलना।'' गद्यांश में यह निर्देश किसे दिया गया है?

(A) माँ को

(B) मन्नू को

(C) पिताजी को

(D) बहन को

**(ii)** पिताजी के भभकने का क्या कारण था?

(A) मन्नू का हड़तालादि में भाग लेना।

(B) मन्नू की गतिविधियों पर माँ की असहमति।

(C) पिताजी के मित्र द्वारा मन्नू की शिकायत।

(D) पिताजी की स्वयं ही मन्नू से नाराज़गी।

**(iii)** उपर्युक्त गद्यांश की भाषा है –

(A) ओजपूर्ण भाषा

(B) सूक्तिप्रधान भाषा

(C) मुहावरेदार भाषा

(D) संस्कृतनिष्ठ भाषा

**(iv)** हड़ताल का आह्वान क्यों किया जा रहा था?

(A) आज़ाद हिंद फ़ौज के खिलाफ़ मुकदमे के विरोध में।

(B) भारत के लिए पूर्ण स्वराज की माँग के लिए।

(C) छात्रों के लिए बेहतर अधिकार और सुविधाओं के लिए।

(D) कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों के खिलाफ़ कार्यवाही के विरोध में।

**(v)** पूरा छात्र–वर्ग चौपड़ पर क्यों एकत्रित हुआ?

(A) आयोजित हड़ताल के समर्थन के लिए।

(B) यातायात बंद करवाने के लिए।

(C) समारोह के आयोजन के लिए।

(D) दुकानें पुनः बंद करवाने के लिए।

**10.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **2×1=2**

**(i)** बिस्मिल्ला खाँ काशी छोड़कर क्यों नहीं जाना चाहते थे? अनुपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

(A) उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि होने के कारण उन्हें काशी से विशेष लगाव था।

(B) अपने पुरखों के समान वे भी काशी के बालाजी से जुड़े रहना चाहते थे।

(C) काशी से दूर जाने पर उन्हें स्वयं पर विश्वास कम प्रतीत होने लगता था।

(D) बाबा विश्वनाथ और गंगा मइया के कारण, दोनों ही काशी में, जिनसे उनका लगाव था।

**(ii)** 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक को नवाब साहब 'नयी कहानी' के लेखक कब लगे?

(A) उन्हें पहली बार रेलगाड़ी के डिब्बे में देखकर।

(B) उन्हें खीरा खाने की तैयारी करते हुए देखकर।

(C) उन्हें खीरा सूंघकर उसका रसास्वादन करते देखकर।

(D) उनके बिना खीरा खाए ही ऊँची डकार को सुनकर।

## खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25−30** शब्दों में दीजिए : **3×2=6**

**(क)** 'नेताजी का चश्मा' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि पान वाले ने कैप्टन को 'पागल' क्यों कहा?

**(ख)** 'संस्कृति' पाठ से ली गई पंक्ति 'संस्कृति के नाम से जिस कूड़े-करकट के ढेर का बोध होता है,....।' में 'कूड़े-करकट' से क्या अभिप्राय है?

**(ग)** बिस्मिल्ला खाँ का जीवन वर्तमान और भावी पीढ़ी को क्या संदेश देता है?

**(घ)** 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखिए कि अपनी पतोहू के प्रति बालगोबिन भगत का व्यवहार उनके किन गुणों को उजागर करता है?

**12.** निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25−30** शब्दों में लिखिए: **3×2=6**

**(क)** 'आत्म कथ्य' कविता से ली गई 'अनंत नीलिमा में असंख्य जीवन इतिहास' पंक्ति का क्या आशय है?

**(ख)** 'उत्साह' कविता के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

**(ग)** सूरदास के 'पद' के अनुसार गोपियों को ऐसा क्यों लगा कि कृष्ण ने राजनीति पढ़ ली है?

**(घ)** फागुन मास में प्रकृति के सौंदर्य का वर्णन, 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर कीजिए।

**13.** पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50−60** शब्दों में लिखिए : **2×4=8**

**(क)** 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में लेखिका को कब और क्यों लगा कि तमाम भौगोलिक विविधता और वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद भारत की आत्मा एक ही है?

**(ख)** 'माता का अँचल' पाठ में जिस ग्राम्य जीवन और संस्कृति का उल्लेख है, उसमें वर्तमान में क्या अंतर आया है? क्या उस अंतर को आप सकारात्मक मानते हैं?

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए कि क्या एक रचनाकार और उसकी रचनाएँ बाहरी दबाव से भी प्रभावित हो सकती हैं? आपकी दृष्टि में वे कौन-से बाहरी दबाव हैं जो रचनाकार की रचना को प्रभावित करते हैं?

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **6**

**(क)** साइबर सुरक्षा : जागरूकता ही समाधान
भूमिका, अर्थ, वर्तमान में चर्चा का कारण, जागरूकता का प्रभाव

**(ख)** सौर ऊर्जा : सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा
भूमिका, स्रोत, देश के लिए क्यों आवश्यक, लाभ

**(ग)** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस
भूमिका, उद्देश्य, संसार की लगभग आधी आबादी, महिलाओं की स्थिति पर प्रभाव

**15.** **(क)** आप चंदा/चंदन हैं। खराब जीवनशैली के कारण आपके मित्र का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। संयमित और स्वस्थ जीवनशैली का महत्त्व बताते हुए लगभग **100** शब्दों में उसे एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** पुलिस द्वारा उठाए गए विविध कदमों से शहर में अपराध कम तो हुआ है पर अभी और सुधार की आवश्यकता है। अपने क्षेत्र के दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखकर जन सामान्य का ध्यान इस ओर दिलाइए कि अपराध पर अंकुश सिर्फ पुलिस की ही नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। **5**

**16.** **(क)** आप रजनी/राजन हैं। आपके विद्यालय की पत्रिका 'प्रखर' के लिए छात्र संपादक की नियुक्ति होनी है। आप उक्त पद के योग्य हैं। इस पद के लिए प्रधानाचार्य को संबोधित कर लगभग **80** शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

**(ख)** आप राजन/रजनी हैं। अपने बैंक खाते में नेट बैंकिंग की सुविधा प्राप्त करने के लिए संबंधित शाखा प्रबंधक को लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। **5**

**17.** **(क)** राज्य परिवहन निगम की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

**(ख)** आपके कक्षाध्यापक का चयन उप प्रधानाध्यापक के पद पर हुआ है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में संदेश लिखिए। **4**

अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल परीक्षा **2024**
कक्षा- **10** वीं हिंदी **(A)**, कोड- **002**
प्रश्न पत्र कोड **3/1/1**

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो बाईं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना

- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✔ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | **खंड 'अ'**<br>**(बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)** | |
| 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>भारत एक विशाल ...................................... की आवश्यकता है। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – किसी भी देश ................................. आवश्यक है :<br>उत्तर – (D) मातृभाषा में शिक्षा का विस्तार होना | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – स्वास्थ्य और ....................................... स्थिति में हैं?<br>उत्तर – (A) मातृभाषा में चिकित्सीय शिक्षा देने वाले देश | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – भारत में क्षेत्रीय ........................................... कारण हैं?<br>उत्तर – (C) उपयुक्त प्रयासों का अभाव | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – 'मातृभाषा में शिक्षा .............................. तर्क सही है/हैं?<br>उत्तर – (A) 1 सही है। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – कथन और कारण को .............................. लिखिए :<br>कथन - भारत में शिक्षा .............................. आवश्यकता है।<br>कारण - शिक्षा के माध्यम .............................. ला सकता है।<br>उत्तर – (C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 2 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : – | 5x1=5 |
| | | सच से हट कर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।<br>................................ वही जो मोड़ दे मँझधार को। | |
| | (i) | प्रश्न – 'अपने-आप से ................................ अभिप्राय है?<br>उत्तर – (A) अपने भीतर उठे अंतर्द्वन्द्व से लड़ना<br>(B) अपने भीतर की कमज़ोरियों से लड़ना<br>(दोनों विकल्पों में से किसी एक के चयन पर पूरे अंक दिए जाएँ।) | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'जो नत हुआ ................................ कहा गया है?<br>उत्तर – (D) स्वाभिमान रहित जीवन मृतक के समान है। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – काव्यांश का संदेश है :<br>उत्तर – (C) कैसी भी कठिन परिस्थिति हो, उससे हार न मानने का | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – 'काँटे' और ................................ प्रतीक हैं?<br>उत्तर – (B) दुख और सुख के | 1 |
| | (v) | प्रश्न – कथन और कारण पर ................................ चुनकर लिखिए :<br>कथन - मानव ................................संघर्षपूर्ण है।<br>कारण - मानव मात्र को अपने ................................ सामना करना चाहिए।<br>उत्तर – (D) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है। | 1 |

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'जब बाबू जी रामायण ............................ संयुक्त वाक्य होगा :<br>उत्तर – (A) बाबू जी रामायण का पाठ करते और हम उनकी बगल में बैठे रहते। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'माँ थाली में ............................ होगा :<br>उत्तर – (C) माँ थाली में दही-भात सानकर बनावटी नाम से कौर बनाकर खिलाती जाती। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में से ............................ चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (D) 1 और 3 | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों ............................ सरल वाक्य का उदाहरण है :<br>उत्तर – (B) वहाँ जल-संचय का उचित प्रबंध है। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – स्तंभ I और .................................. चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (B) 1-(III) 2-(II) 3-(I) | 1 |
| 4 | 4 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'लेखक ने अपने .......................... में वाच्य है : | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – (C) कर्तृवाच्य | 1 |
| 4 | (ii) | प्रश्न – 'संगतकार द्वारा मुख्य ........................... वाच्य पहचानिए :<br>उत्तर – (C) कर्मवाच्य | <br>1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'कवि ने श्रीकृष्ण के ........................... कर्मवाच्य होगा :<br>उत्तर – (B) कवि द्वारा श्रीकृष्ण के रूप–सौंदर्य का वर्णन किया गया है। | <br>1 |
| | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ........................... का उदाहरण है/हैं :<br>उत्तर – (B) 2 और 4 | <br>1 |
| | (v) | प्रश्न – स्तंभ - I को ........................... चयन कर लिखिए :<br>उत्तर – (C) 1–III 2–I 3–II | <br>1 |
| 5 | 5 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – '<u>शीला जी</u> ने साहित्य का दायरा ही बढ़ा दिया।' - वाक्य में रेखांकित पद का परिचय है :<br>उत्तर – (A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक | <br><br>1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'लेखक ने <u>उस</u> घटना को पूरी ईमानदारी से लिखा।' रेखांकित पद का परिचय होगा :<br>उत्तर – (B) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, विशेष्य–'घटना' | <br><br>1 |

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| 5 | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित में किस ....................... का प्रयोग नहीं हुआ है?<br>उत्तर – (A) एक चिड़िया हमारी खिड़की पर डरी–डरी बैठी थी।<br>(D) उस ड्राइवर ने अचानक ज़ोर से ब्रेक लगाई।<br>(दोनों विकल्पों में से किसी एक के चयन पर पूरे अंक दिए जाएँ।) | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – 'कस्बे की नगरपालिका <u>प्रतिवर्ष</u> कुछ नया करती थी।' रेखांकित पद का परिचय है :<br>उत्तर – (B) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'करना' क्रिया की विशेषता। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – 'बचपन में <u>मैं</u> दुबली–पुतली और साँवली थी।' रेखांकित पद का परिचय है :<br>उत्तर – (D) उत्तमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक। | 1 |
| 6 | 6 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'पानी परात को हाथ .......................... में अलंकार है :<br>उत्तर – (D) अतिशयोक्ति | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'धीरे-धीरे उतर .......................... अलंकार है :<br>उत्तर – (A) मानवीकरण | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'विद्या धन उद्यम बिना .......................... का प्रयोग हुआ है?<br>उत्तर – (D) उत्प्रेक्षा | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| 6 | (iv) | प्रश्न – 'मृदु मिट्टी के ........................... में प्रयुक्त अलंकार है :<br>उत्तर – (B) श्लेष | 1 |
| | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों ........................... का उदाहरण है?<br>उत्तर – (C) वह दौड़ रहा अरि मस्तक पर,<br>वह आसमान का घोड़ा था। | 1 |
| 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>नाथ संभुधनु भंजनिहारा। ...................................... बिदित सकल संसार।। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – 'नाथ संभुधनु भंजनिहारा। ........................... प्रकट होती है।<br>उत्तर – (C) विनम्रता | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – परशुराम ने शिव धनुष ........................... क्या चेतावनी दी?<br>उत्तर – (A) सहस्रबाहु के समान उसे अपना शत्रु समझने की | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'न त मारे जैहहिं ........................... उदाहरण है।<br>उत्तर – (B) अहंकार का | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – सेवक किसे ........................... गया है?<br>उत्तर – (B) सेवा करने वाले को | 1 |
| | (v) | प्रश्न – परशुराम की धनुष ........................... क्या कारण था? | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – (A) उनके आराध्य शिव का धनुष होना | 1 |
| 8 | 8 | प्रश्न – पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न – संगतकार मुख्य गायक ........................... लिखिए :<br>उत्तर – (A) उसके समान ही अपनी पहचान बनाने के लिए। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'यह दंतुरित मुसकान' कविता ........................... क्या कारण था?<br>उत्तर – (C) वह उन्हें पहचानने की कोशिश कर रहा था। | 1 |
| 9 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br>आज़ाद हिंद फ़ौज के ....................................... से स्वागत किया। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – ''बंद करो अब इस मन्नू का ........................... दिया गया है?<br>उत्तर – (A) माँ को | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – पिताजी के भभकने ........................... कारण था?<br>उत्तर – (C) पिताजी के मित्र द्वारा मन्नू की शिकायत | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – उपर्युक्त ........................... भाषा है –<br>उत्तर – (C) मुहावरेदार भाषा | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| 9 | (iv) | प्रश्न – हड़ताल का .......................... जा रहा था?<br>उत्तर – (A) आज़ाद हिंद फौज के खिलाफ़ मुकदमे के विरोध में। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – पूरा छात्र–वर्ग चौपड़ .......................... एकत्रित हुआ?<br>उत्तर – (A) आयोजित हड़ताल के समर्थन के लिए। | 1 |
| 10 | 10 | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ काशी .......................... का चयन कीजिए :<br>उत्तर – (C) काशी से दूर जाने पर उन्हें स्वयं पर विश्वास कम प्रतीत होने लगता था। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' पाठ के .......................... लेखक कब लगे?<br>उत्तर – (D) उनके बिना खीरा खाए ही ऊँची डकार को सुनकर | 1 |
| | | **खंड 'ब'**<br>**( वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| 11 | 11 | प्रश्न – गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में दीजिए : | 3x2=6 |
| | (क) | प्रश्न – 'नेताजी का चश्मा' पाठ .......................... 'पागल' क्यों कहा?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र और | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br>• आजकल देशभक्ति की भावना को पागलपन समझा जाना<br>• कैप्टन द्वारा नेताजी की मूर्ति पर बार–बार चश्मा लगाया जाना<br>• पानवाले का हँसमुख स्वभाव<br>• पानवाले का कैप्टन के प्रति पूर्वग्रह<br>• पानवाले की कैप्टन से मित्रता<br>• अन्य स्वतंत्र उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>---------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>---------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| | (ख) | प्रश्न – 'संस्कृति' पाठ से ली गई .......................... क्या अभिप्राय है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में दी गई पंक्ति का उपयुक्त अभिप्राय लिखेंगे, जैसे –<br>कोई वस्तु, परंपरा, ज्ञान और विचार जो बदलते समय के साथ अप्रासंगिक और अकल्याणकारी हो (2 अंक)<br>---------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>---------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (ग) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ का जीवन .......................... क्या संदेश देता है? | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर कोई <u>एक</u> उपयुक्त संदेश लिखेंगे, जैसे –<br>• सहजता और विनम्रता<br>• निरंतर अभ्यास<br>• गंगा–जमुनी संस्कृति में आस्था<br>• जन्मभूमि के प्रति प्रेम<br>• सादगीपूर्ण जीवन<br>• कला के प्रति पूर्ण समर्पण<br>• अन्य स्वतंत्र बिंदु भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>----------<br>✳ उपयुक्त संदेश नहीं लिख पाने परंतु पाठ के आधार पर थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 11 | (घ) | प्रश्न – 'बालगोबिन भगत' पाठ के .......................... को उजागर करता है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में बालगोबिन भगत <u>दो</u> उपयुक्त गुणों को लिखेंगे, जैसे –<br>• समाज में प्रचलित रूढ़ियों का विरोध<br>• प्रगतिशील विचार या सोच<br>• नि:स्वार्थ भावना<br>• वात्सल्य भाव<br>• अन्य स्वतंत्र बिंदु भी स्वीकार्य (1+1= 2 अंक)<br>---------<br>✳ कोई एक बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>--------- | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 12 | 12 | प्रश्न – निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| | (क) | प्रश्न – 'आत्मकथ्य' कविता से ली .......................... का क्या आशय है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी दी गई पंक्ति का उपयुक्त आशय स्पष्ट करेंगे, जैसे -<br>• इस सृष्टि में कवि के जीवन के समान अनगिनत लोगों के जीवन की अपनी-अपनी कहानी<br>• कवि का मानना कि उसकी जीवनकथा साधारण (2 अंक)<br>----------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (ख) | प्रश्न – 'उत्साह' कविता के .......................... प्रकाश डालिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे-<br>• कविता के केन्द्रीय भाव की अभिव्यक्ति<br>• आह्वान गीत<br>• नव परिवर्तन हेतु नव उत्साह और नवीन कल्पना का समावेश (2 अंक)<br>----------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) | 2 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 12 | (ग) | प्रश्न – सूरदास के 'पद' के अनुसार .......................... पढ़ ली है? <br> उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में **एक** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे – <br> • स्वयं न आकर उद्धव द्वारा योग–संदेश भेजने के कारण <br> • प्रेम की मर्यादा का पालन न करने के कारण (2 अंक) <br> ---------- <br> ✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) <br> ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (घ) | प्रश्न – फागुन मास में प्रकृति के .......................... आधार पर कीजिए। <br> उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ से प्रकृति–सौन्दर्य के कोई दो बिंदु लिखेंगे, जैसे – <br> • मंद सुवासित, शीतल हवा का बहना <br> • मन में उल्लास और उमंग का भरना <br> • पेड़ों पर नए लाल–हरे पत्ते निकलना <br> • वातावरण पुष्पित, पल्लवित और सुगंधित होना (1+1=2 अंक) <br> ---------- <br> ✳ कोई एक बिंदु लिखने पर (1 अंक) <br> ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| 13 | 13 | प्रश्न – पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |
| | (क) | प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि' .......................... की आत्मा एक ही है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br><u>कब</u><br>• एक कुटिया के भीतर घूमता चक्र देखकर<br>• उस चक्र को घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं, इस मान्यता के बारे में जानकर (2 अंक)<br>क्यों –<br>• धार्मिक मान्यताओं, आस्थाओं, विश्वास में समानता (तीर्थयात्रा, गंगास्नान आदि मान्यताएँ)<br>• पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक आदि की समान धारणाएँ (2 अंक)<br>(2+2= 4 अंक)<br>----------<br>✳ पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर देने और दूसरे हिस्से का अस्पष्ट उत्तर देने पर<br>अथवा<br>✳ पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर न देकर पाठ के आधार पर थोड़े-बहुत वाक्य लिखने और दूसरे हिस्से के लिए उपयुक्त उत्तर लिखने पर (3 अंक)<br>----------<br>✳ प्रश्न के किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>✳ प्रश्न के दोनों हिस्सों के उत्तर के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (2 अंक)<br>-----------<br>✳ प्रश्न के किसी एक हिस्से के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 13 | (ख) | प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ में जिस .......................... मानते हैं?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ से प्राप्त समझ के आधार पर व्यक्तिगत दृष्टिकोण से ग्राम्य जीवन और संस्कृति में अंतर <u>दो</u> बिंदुओं में लिखेंगे, जैसे –<br><u>पाठ में वर्णित गाँव</u><br>• शांत, प्राकृतिक एवं आत्मीयता से परिपूर्ण वातावरण<br>• सरल एवं सादगीपूर्ण जीवनशैली<br>• प्रकृति से निकटता<br>• खेती–बाड़ी से जुडाव<br>• खेल–मनोरंजन के सरल और सुलभ साधन (2 अंक)<br><u>वर्तमान गाँव</u><br>• आधुनिक तकनीकी साधनों से युक्त<br>• कृत्रिमता का बढ़ता प्रभाव<br>• प्रकृति से निरंतर बढ़ती दूरी<br>• रहन–सहन, खान–पान, खेल–कूद और मनोरंजन के साधनों पर शहरी चकाचौंध का बढ़ता प्रभाव<br>• अन्य उपयुक्त स्वतंत्र बिंदु भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>----------<br>✳ परीक्षार्थी द्वारा किसी एक भिन्नता को विस्तार से लिखने और दूसरे का संक्षिप्त उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ पाठ में वर्णित ग्राम्य जीवन और संस्कृति का विस्तृत वर्णन करने परंतु वर्तमान गाँवों में आए अंतर का मात्र उल्लेख करने पर | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | अथवा<br>✳ पाठ में वर्णित ग्राम्य जीवन और संस्कृति का उल्लेख करते हुए वर्तमान गाँवों में आए अंतर का विस्तृत वर्णन करने पर (3 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक भिन्नता के विस्तृत वर्णन पर अथवा किन्हीं दो भिन्नताओं के संक्षिप्त उल्लेख पर<br>अथवा<br>✳ पाठ में वर्णित ग्राम्य जीवन और संस्कृति का वर्णन करने पर<br>अथवा<br>✳ वर्तमान में ग्राम्य जीवन और संस्कृति का वर्णन करने पर (2 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक भिन्नता का संक्षिप्त उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ पाठ के ग्राम्य जीवन के एक बिंदु का उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ वर्तमान गाँव के जीवन पर एक बिंदु के उल्लेख पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 13 | (ग) | प्रश्न – 'मैं क्यों लिखता हूँ' ........................... प्रभावित करते हैं?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br>हाँ, रचनाकार और उसकी रचनाएँ बाहरी दबाव से भी प्रभावित हो सकती हैं;<br>बाहरी दबाव<br>• सम्पादकों का आग्रह<br>• प्रकाशकों की माँग | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | • रचनाकारों की आर्थिक विवशता (1+1+1= 3 अंक)<br><br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे। (1 अंक)<br>(1+1+1+1= 4 अंक)<br>-----------<br>प्रश्न के पहले हिस्से के लिए तीन उपयुक्त बिंदु और दूसरे हिस्से के लिए कोई उत्तर नहीं लिखने पर<br>अथवा<br>प्रश्न के पहले हिस्से के लिए दो उपयुक्त बिंदु और दूसरे हिस्से के लिए पर्याप्त उत्तर लिखने पर (3 अंक)<br>-----------<br>प्रश्न के पहले हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु और दूसरे हिस्से के लिए पर्याप्त उत्तर लिखने पर (2 अंक)<br>-----------<br>प्रश्न के पहले हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु अथवा दूसरे हिस्से के लिए थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 14 | 14 | प्रश्न – निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : | 6 |
| | (क) | साइबर सुरक्षा : जागरूकता की समाधान<br>भूमिका, अर्थ, वर्तमान में चर्चा का कारण, जागरूकता का प्रभाव | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| 14 | (ख) | सौर ऊर्जा : सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा<br>भूमिका, स्रोत, देश के लिए क्यों आवश्यक, लाभ | |
| | (ग) | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस<br>भूमिका, उद्देश्य, संसार की लगभग .......................... पर प्रभाव<br><br>उत्तर –<br>**<u>अनुच्छेद-लेखन</u>**<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय–वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 15 | (क) | आप चंदा/चंदन है। खराब जीवनशैली .......................... उसे एक पत्र लिखए। | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | (ख) | पुलिस द्वारा उठाए गए .......................... की सामूहिक जिम्मेदारी है। | 5 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर –<br>**<u>पत्र-लेखन</u>**<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 16 | (क) | आप रजनी/राजन है। .................................. स्ववृत्त तैयार कीजिए।<br><br>उत्तर –<br>**<u>स्ववृत्त-लेखन</u>**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक | 5 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | **विशेष निर्देश :–**<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय–वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**अथवा** | |
| 16 | (ख) | आप राजन/रजनी हैं। ................................. 80 शब्दों में ई–मेल लिखिए।<br>उत्तर –<br>**औपचारिक ई–मेल**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ईमेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |
| 17 | (क) | राज्य परिवहन निगम की ................................. विज्ञापन तैयार कीजिए। | 4 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर –<br>**<u>विज्ञापन-लेखन</u>**<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• विज्ञापन–लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**अथवा** | |
| | (ख) | आपके कक्षाध्यापक का .................................. 40 शब्दों में संदेश लिखिए।<br>उत्तर –<br><br>**<u>संदेश-लेखन</u>**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** –<br>• संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है। परीक्षार्थी द्वारा किसी उपयुक्त प्रारूप के उपयोग पर ही अंक दिए जाएँ। | 4 |

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/1/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |